# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत अतिथि व्याख्यान का सफल आयोजन

दिनांक 04 अप्रैल 2026 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत एक प्रभावशाली एवं जनजागरूकता उन्मुख अतिथि व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विधिक जागरूकता को प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की मिशन शक्ति नोडल अधिकारी सुश्री सुमन यादव द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में थाना चिलुआताल से सुश्री प्रीति विश्वकर्मा (प्रभारी, मिशन शक्ति) एवं सुश्री अंजना कुशवाहा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

